
# 10. चुक्की और जब्बार




छुट्टी का दिन था। बच्चे आम खाना चाहते थे। मुन्नी सभी बच्चों के साथ अपने रामू काका के घर गयी। वे बच्चों को बहुत चाहते थे।

SCERT TELANGANA

रामू काका आम के पेड़ पर चढ़ गये। डाली ज़ोर से हिलाने लगे। टप-टप आम गिर पड़े। बच्चे खुशी से चिल्ला उठे - ''वाह! वाह! कितने सारे आम गिरे हैं।''

निम्मी ने छप्पर से रस्सी उतारी। रामू काका ने रस्सी पेड़ की डाली से बाँध दी। बच्चे झूला झूलने लगे। चुक्की झूले से गिर गई और रोने लगी। जब्बार बोला - 'खेल में चोट तो लगती ही रहती है। तुम बहादुर बच्ची हो। दर्द कम हो जाएगा।'



SCERT TELANGANA



## सुनो-बोलो



1. छुट्टी के दिन आप क्या-क्या करते हैं?
2. रामू काका ने रस्सी से झूला बाँधा। इसी तरह रस्सी से कौन-कौन से खेल खेल सकते हैं?



## पढ़ो



1. बच्चे क्या खाना चाहते थे?
2. झूले से कौन गिर गई?

**(अ) नीचे दिए गए दुवित्वाक्षर पाठ में पहचानिए और उन पर '◯' लगाइए।**

च्च म्म ल्ल य्य न्न त्त स्स ब्ब ट्ट क्क

**(आ) पाठ में आए दुवित्वाक्षर वाले शब्द तालिका में सही जगह लिखिए।**

| | |
|---|---|
| क्क | |
| च्च | |
| ट्ट | |
| त्त | |
| द्द | |
| न्न | |
| म्म | जैसे :- निम्मी |
| ब्ब | |
| प्प | |
| य्य | |
| ल्ल | |
| व्व | |
| स्स | |



**विचार-विमर्श**

अपना दुःख, दर्द, निराशा, समस्या अपने साथी, दोस्त या माता-पिता या अध्यापक को बतायें ऐसा करने से हमारा दुःख कम हो सकता है और समस्या का समाधान भी मिल जाता है। आप अपना दुःख-दर्द किसे बताते हैं?

SCERT TELANGANA

(इ) **नीचे दिए गए शब्द पढ़िए।**

| | | |
|---|---|---|
| नुक्कड़ | कच्चा | चौकन्ना |
| सुग्गा | पत्ता | चम्मच |
| पक्का | छप्पर | रस्सी |
| गुब्बारा | सज्जन | अड्डा |
| छत्ता | लट्टू | कव्वाली |
| गद्दी | यादय्या | उल्लू |

**जानते हो!**

ये सारे शब्द एक जैसे दो वर्णों के मेल से बने हैं। इन्हें द्वित्वाक्षर कहते हैं।



(ई) **वाक्य पढ़िए। कक्षा में सुनाइए।**

**बच्चे दिल के सच्चे। दिल के सच्चे बच्चे। सच्चे दिल के बच्चे।**



## लिखो

(अ) **सुंदर अक्षरों में लिखिए।**

कच्चा सुग्गा बच्चा सज्जा रस्सी लट्टू

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

(आ) **इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

रामू काका ने क्या किया?

..............................................................................................

जब्बार ने चुक्की को क्या समझाया?




..............................................................................................

यदि आपको कोई सहायता चाहिए तो आप किसके पास जायेंगे?

..............................................................................................

SCERT TELANGANA

(इ) नीचे दिए गए वर्ण मिलाकर शब्द बनाइए और लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| <br>....................<br>....................<br>.................... | <br>....................<br>....................<br>.................... | <br>....................<br>....................<br>.................... |

(ई) चित्र देखकर अपने विचार लिखिए।

| | |
|---|---|
|  | ..........................................<br>..........................................<br>..........................................<br>..........................................<br>..........................................<br>..........................................<br>..........................................<br>.......................................... |



| क्या मैं ये कर सकता/सकती हूँ? | हाँ ( ✓ ) | नहीं ( × ) |
|---|---|---|
| 1. मैं चित्र के बारे में बातचीत कर सकता/सकती हूँ। | | |
| 2. मैं द्‍वित्वाक्षर वाले शब्द पढ़ और लिख सकता/सकती हूँ। | | |
| 3. मैं इन वर्णों से बने शब्द व वाक्य बिना देखे लिख सकता/सकती हूँ। | | |
| 4. मैं संकेत के आधार पर चित्र बनाकर उसके बारे में बता सकता/सकती हूँ। | | |

SCERT TELANGANA



इन के आधार पर ऊपर दिये गये वाक्य पढ़ो।




SCERT TELANGANA